कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-16.08.2024

विषयः- थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा 02 गुमशुदा बालकों को जनपद अयोध्या से सकुशल बरामद कर उनके परिजन को सुपुर्द किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृत की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व मे, थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-0229/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस0 थाना रोहनिया से सम्बन्धित 12 वर्षीय व 13 वर्षीय 02 गुमशुदा बालकों की पतारसी सुरागरसी व उनकी शीघ्र बरामदगी हेतु प्रचार प्रसार किया गया। जिसके क्रम मे चाईल्ड लाईन सेन्टर जनपद अयोध्या द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 02 बालक इसी हुलिया व फोटो के लावारिस हालत मे मिले है, जिसपर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना रोहनिया पुलिस टीम द्वारा जनपद अयोध्या के चाईल्ड लाईन सेन्टर पहुँचकर दोनों गुमशुदा बालकों को परिजनों की मदद से सत्यापित कर चाईल्ड लाईन के सदस्यो के साथ न्याय पीठ बाल कल्याण समिति जनपद अयोध्या के समक्ष प्रस्तुत होकर बाल कल्याण समिति द्वारा उपरोक्त गुमशुदा बालकों की काउसिलिंग कर नियमानुसार दिनांक-15.08.2024 को उनके परिजन को सुपुर्द किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-14.08.2024 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने उनके पुत्र उम्र लगभग 12 वर्ष व उनके बहन का नाती उम्र 13 वर्ष दिनांक-13.08.2024 को शाम 4 बजे दोनों घर से खेलने के लिए निकले और उसके बाद दोनों के घर वापस न आने के संबंध मे लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना रोहनिया पर मु0अ0सं0-0229/2024 धारा 137(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 राज दर्पण तिवारी द्वारा संपादित की जा रही है।

बरामदगी का विवरण- 02 गुमशुदा बालक उम्र करीब 12 वर्ष व 13 वर्ष बरामद।

बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 राज दर्पण तिवारी थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0 नीरज कुमार थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

3- हे0का0 भोनू कुमार मौर्या थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।